# बिहार विधान सभा सचिवालय

## सूचना

भारत में विधायी निकायों के 85वां पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन, 2025 के आयोजन के क्रम में सम्मेलन से संबंधित कतिपय कार्यों के कार्यान्वयन हेतु इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी के चयन हेतु निविदा संख्या–11/2024 आमंत्रण की सूचना दिनांक–29.11.2024 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी। निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11.12.2024 को 03:00 बजे अप० तक थी। उक्त निविदा के आलोक में कुल तीन निविदाएं प्राप्त हुई। उक्त तिथि को ही 04:00 बजे अप० में निविदा मूल्यांकन समिति के समक्ष सभी तीन निविदादाताओं से प्राप्त निविदा को खोला गया।

निविदादाताओं से प्राप्त तकनीकी निविदाओं पर समिति के द्वारा दिनांक–12.12.2024 को 11:30 बजे पूर्वा० से प्रजेंटेशन/डेमो लिया गया। समिति ने दिनांक–12.12.2024 को निविदादाताओं से प्राप्त सभी तकनीकी निविदाओं पर विचार विमर्श किया। स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों एवं बिहार विधान सभा के वेबसाइट पर RFP में उल्लिखित तकनीकी मूल्यांकन क्राईटेरिया एवं प्रजेंटेशन/डेमो के आधार पर समिति द्वारा मूल्यांकन के पश्चात् 03 निविदादाताओं में से 01 (एक) निविदाता PATNA TENT & CILLING DECORATER, PATNA CITY, PATNA तकनीकी निविदा में असफल हुए तथा शेष 02 (दो) यथा M/S MAHAVIRA DECORATORS, SHOP NO-01, NAI SADAK NAWAB BHADUR ROAD, PATNA CITY, PATNA-800008 एवं M/S PR PROFESSIONALS, 507, KUMUDI APARTMENT, NASIRPUR, POCKET NO-6, PLOT NO-11, DWARIKA, DELHI-110045 तकनीकी निविदा में सफल हुए हैं।

अतः निम्नांकित दोनों सफल निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक–13.12.2024 को 04:30 बजे अप० में सभा सचिवालय के सचिव महोदया के कार्यालय कक्ष में निविदा मूल्यांकन समिति की पूर्व निर्धारित बैठक, जिसमें वित्तीय निविदा खोली जायेगी, में निश्चित रूप से उपस्थित रहें–

1. M/S MAHAVIRA DECORATORS, SHOP NO-01, NAI SADAK NAWAB BHADUR ROAD, PATNA CITY, PATNA-800008
2. M/S PR PROFESSIONALS, 507, KUMUDI APARTMENT, NASIRPUR, POCKET NO-6, PLOT NO-11, DWARIKA, DELHI-11004

13.12.24

(सुधीर कुमार सिंह)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना।